सी. आर. एस. पी. स्कीम के अधीन मधुबनी स्थित संस्थान द्वारा निधियों का उपयोग

2692. **श्री रामदेव भंडारी** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार के मधुबनी जिले में उस संस्थान का नाम क्या है जिसे सी. आर. एस. पी. के अधीन काउंसिल फॉर एडवांसमेंट आफ पिपल्स एक्सन एण्ड रूरल टॅकालाजी द्वारा 15 लाख रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है और जारी की गई है तथा अब तक इसे कुल कितनी राशि प्राप्त हुई है ;

(ख) संस्था द्वारा कियान्वित योजनाओं के अधीन वर्षवार, योजनावार लाभभोगियों के नाम और पते तथा प्रति शॉचालय व्यय का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस प्रकार निर्मित इनमें से कितने प्रतिशत शॉचालय चालू स्थिति में हैं तथा इन के चालू न होने के कारण क्या हैं ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय के ग्रामीण विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई पटेल) : (क) और (ख) बिहार के मधुबनी जिले की एक स्वयसेवी एजेंसी सामाजिक शैक्षिणिक विकास केन्द्र को केन्द्रीय ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम के अन्तर्गत लोक कार्यक्रम एवं प्रौद्योगिकी विकास परिषद् (कापार्ट) द्वारा 15 लाख रुपये से भी अधिक की राशि संस्वीकृत और रिलीज की गई हैं । संस्वीकृत राशि, रिलीज की गई राशि संचलन वाले गांवों, निर्मित स्वच्छ शॉचालय की संख्या तथा लाभार्थियों की संख्या संबंधी ब्यौरा दर्शाने वाला विवरण में दिया गया है (नीचे देखिए) ।

वर्ष 1992 के दौरान प्रति स्वच्छ शॉचालय लागत मानदंड 2000 रुपये था । इसे मई, 1993 से संशोधि कर 2300 रुपए कर दिया गया है ।

(ग) केन्द्रीय ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम के अन्तर्गत कापार्ट न सिर्फ स्वच्छ शॉचालयों के निर्माण के लिए स्वयंसेवी एजेंसियों की सहायता करता है बल्कि लाभार्थियों में जागरूकता सृजित करने के लिए भी स्वयंसेवी एजेंसियों की सहायता करता है । प्रत्येक स्वीकृत परियोजना की किसी न किसी स्तर पर अथवा परियोजना के पूरा होने पर स्वतंत्र मानिटरों की मार्फत निगरानी रखी जाती है । कुल मिलाकर शॉचालयों का निर्माण संतोषजनक रहा है तथा लाभार्थी इनका उपयोग भी कर रहे हैं । तथापि, जहां कहीं यह बात ध्यान में लायी गई है कि निर्मित स्वच्छ शॉचालयों का उपयोग नहीं हो रहा है, स्वयंसेवी एजेंसी से कहा गया है कि वह लाभार्थियों में जागरूकता सृजित करें ताकि लाभार्थी अपने घर और आस-पास के स्थान को साफ-सुथरा रखने के लिए स्वच्छ शॉचालयों का उपयोग करें ।

विवरण

वर्ष	संस्वीकृत राशि	रिलीज की गई राशि	संचलन गांव	निर्मित शौचालयों संख्या	लाभा-थियों की संख्या
1991-92	8,42,050	8,42,050	खण्ड-लखनौर गांव परमेश्वर लखनौर, बेहत, अदलपुर, कोई-रिमापट्टी गंगापुर और पथराही	419	1676
1993-94	9,43,580	9,43,580	खण्ड लखनौर गांव लखनौर, बेहट गोथ, पथराही नवतोल, पुनी पोखेर बाल मधेर-पुर, काईथिनीमा और लौउफा	467	1868